तापमान
अधिकतम 30 .7 डिग्री
न्यूनतम 15 .0 डिग्री

हरिभूमि
जीटी रोड भूमि

रोहतक, बुधवार 11 नवंबर 2026

12 हर छात्र की क्षमता को पहचान कर उसकी मॉनिटरिंग करें शिक्षक



12 10 से 24 जनवरी तक दृपलब्ध होगी स्वयं गिनती की सुविधा



खबर संक्षेप

नाबालिग से छेड़छाड़ कर अपहरण करने का प्रयास

यमुनानगर। जठलाना थाना क्षेत्र के एक गांव में युवक ने नाबालिग लड़की के साथ छेड़छाड़ कर उसका अपहरण करने का प्रयास किया। लड़की के शोर मचाने पर आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस ने लड़की के परिजनों की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार जठलाना थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी 16 वर्षीय लड़की नौ नवंबर को दोपहर ढ़ाई बजे गांव में ही किसी काम से जा रही थी।

फोन मांगने पर नगर निगम कर्मचारी को चाकू मारा

पानीपत। नवादा गांव में दिवाली की रात मोबाइल फोन को लेकर हुए विवाद में आजाद नामक युवक ने नगर निगम कर्मचारी प्रमोद पर चाकू से हमला कर दिया। आरोप है कि चाकू प्रमोद की कमर में मारा गया। बीच.बचाव करने पहुंचे उसके चचेरे भाई विपिन के हाथ पर भी चाकू लगा। गंभीर हालत में प्रमोद को पानीपत से करनाल के कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। प्रमोद ने पुलिस को बताया कि रात करीब 10 बजे वह अपने भाई जगमिंदर के साथ प्लॉट में बैठा था। इसी दौरान आजाद वहां आया। तीनों ने साथ बैठकर शराब पी।

मोतीराम कालोनी में युवक ने फंदा लगाकर दी जान

पानीपत। मोतीराम कॉलोनी में सोमवार देर रात 27 वर्षीय पंकज का शव घर की दूसरी मंजिल पर बने कमरे में फंदे से लटका मिला। परिजन उसे रात करीब 12 बजे अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर किला थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। परिजनों के अनुसार पंकज टेंट हाउस में मजदूरी करता था और चार भाइयों में सबसे छोटा था। उसके पिता की कई साल पहले मौत हो चुकी थी। परिवार में तीन बड़े भाई और एक बहन हैं। सभी विवाहित हैं। परिजनों ने बताया कि घर में कोई झगड़ा या कहासुनी नहीं हुई थी, लेकिन पंकज कुछ समय से परेशान चल रहा था।

साइंटिफिक इंडस्ट्री में लगी आग

अंबाला। अंबाला छावनी की रामकिशन कॉलोनी के ठीक सामने स्थिति आशा साइंटिफिक में मंगलवार सुबह लगभग 7 बजे अचानक आग लग गई। आग लगने से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। देखते ही देखते आग की लपटों और काले धुएं के गुबार ने इमारत को घेर लिया। इससे आसपास के रिहायशी व व्यावसायिक क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, परिसर से अचानक धुआं निकलता देखा गया। जब तक लोग कुछ समझ पाते, आग ने उग्र रूप धारण कर लिया। आसपास मौजूद दुकानों व मकानों के लोग एहतियातन बाहर निकल आए।

सीएम ने प्रशासनिक अधिकारियों की चंडीगढ़ में ली बैठक

कपालमोचन में गुरु नानक देव जी के जीवन पर आधारित होगा ड्रोन और लाइट एंड साउंड शो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि श्रीकपालमोचन मेले का भव्य रुप से आयोजन करने के लिए मेला स्थल पर श्रद्धालुओं को सुविधाएं मुहैया करवाए जाने में कोई कमी नहीं रहनी चाहिए। उन्होंने जिला यमुनानगर के प्रशासनिक अधिकारियों की चंडीगढ़ में आयोजित बैठक में उक्त निर्देश दिए। इस बैठक में मुख्य मेला प्रशासक एवं यमुनानगर की उपायुक्त प्रीति समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अधिकारियों को मेला स्थल पर भव्य एवं आकर्षक प्रदर्शनी लगाए जाने के निर्देश दिए। जिसमें सिखों के सभी दस गुरुओं के गौरवशाली इतिहास, उनके जीवन दर्शन, शिक्षाओं और समाज के प्रति योगदान को सचित्र रूप में प्रदर्शित किया जाए।

इसके साथ ही केन्द्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न विकासात्मक एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी आमजन तक पहुंचाई जाए। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी में प्रथम स्वतंत्रता संग्राम 1857 की स्मृति में अंबाला में निर्मित शहीदी स्मारक की ऐतिहासिक महत्ता को भी प्रमुखता से दर्शाया जाए। ताकि श्रद्धालु देश के महान स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान और संघर्ष से परिचित हो सकें। इसके अतिरिक्त एलईडी स्क्रीन के माध्यम से लघु फिल्मों का प्रदर्शन कर प्रदेश की विकास यात्रा तथा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाए। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बताया कि संत महापुरुष सम्मान एवं विचार प्रसार योजना के तहत 24 नवंबर को सिखों के प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव जी की राज्य स्तरीय जयंती भी व्यासपुर में मनाई जाएगी। इस मेले में हर वर्ष हरियाणा के अलावा पंजाब, हिमाचल प्रदेश और उत्तर प्रदेश सहित विभिन्न राज्यों से लाखों श्रद्धालु पहुंचते हैं। इस अवसर पर श्री गुरु नानक देव जी के जीवन, शिक्षाओं और मानवता के प्रति उनके संदेश पर आधारित भव्य ड्रोन शो तथा लाइट एंड साउंड शो आयोजित किए जाएं। उन्होंने कहा कि मेले के सभी प्रमुख प्रवेश मार्गों पर आकर्षक एवं भव्य तोरणद्वार बनाए जाएं। इन स्वागत द्वारों का नामकरण श्री गुरु नानक देव जी, बाबा बंदा सिंह बहादुर जी सहित अन्य महान संतों एवं महापुरुषों के नाम पर किया जाए।



यमुनानगर। अधिकारियों को बैठक में दिशा निर्देश देते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी।

मेला स्थल पर व्यापक स्तर पर करें सुविधाएं

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए व्यापक स्तर पर व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। श्रद्धालुओं के लिए भंडारे, ठहरने के उचित स्थान, स्वच्छ पेयजल तथा महिलाओं एवं पुरुषों के लिए अलग अलग पर्याप्त शौचालयों की व्यवस्था की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि मेला परिसर में साफ. सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए और निर्धारित स्थानों पर पर्याप्त संख्या में कूड़ेदान रखे जाएं।

तीर्थ स्थल का पौराणिक महत्व

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि श्री कपालमोचन तीर्थ का विशेष पौराणिक महत्व है। यहां स्थित श्री कपालमोचन,श्री ऋणमोचन और श्री सूरजकुंड सरोवर श्रद्धालुओं की गहरी आस्था के केन्द्र हैं। श्रद्धालु इन पवित्र सरोवरों में आस्था की डुबकी लगाते हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन सरोवरों की आवश्यक मरम्मत एवं साफ. सफाई करवाई जाए तथा स्नान के लिए स्वच्छ जल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मेले की ओर जाने वाली सभी सड़कों की आवश्यक मरम्मत समय रहते पूरी करवाई जाए। उन्होंने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों से मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए भी बेहतर आवागमन एवं यातायात प्रबंधन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि मेले के दौरान चिकित्सा सुविधाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि विश्व प्रसिद्ध कपाल मोचन मेले के संबंध में अधिकारी समय रहते सभी प्रकार के प्रबंध पूर्ण करें व पूरी श्रद्धा से अपनी डयूटी करें। उन्होंने बताया कि लगभग 122 एकड़ क्षेत्र में आयोजित होने वाले कपाल मोचन मेले में आस्था, संस्कृति और आध्यात्मिक विरासत का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। इस मेले में देश के विभिन्न राज्यों से श्रद्धालुओं का आगमन होगा। श्रद्धा व निष्ठा के इस ऐतिहासिक मेले में प्रशासन के अधिकारियों की अहम भूमिका रहेगी और प्रशासन का यह भरसक प्रयास रहेगा कि मेले में श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानी न उठानी पड़े।

ये रहे मौजूद

बैठक में हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी,अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा, व्यासपुर के एसडीएम डॉ. कुलदीप सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

तीन किलोमीटर नहर में दो बार सर्च, फिर भी नहीं मिला देवेंद्र

ठंडा पानी और तेज बहाव बना चुनौती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

मिजार्पुर गांव के पास नरवाना ब्रांच नहर में चाचा की अस्थियां प्रवाहित करने के दौरान बहा 24 वर्षीय देवेंद्र कश्यप अब तक लापता है। गोताखोरों और एसडीआरएफ की टीम लगातार नहर में उसकी तलाश कर रही है, लेकिन कई घंटे के सर्च अभियान के बाद भी कोई सुराग नहीं मिला। गोताखोर प्रगट सिंह के अनुसार, नहर के करीब तीन किलोमीटर क्षेत्र में दो बार सर्च अभियान चलाया जा चुका है। सर्च अभियान में सबसे बड़ी चुनौती नहर का तेज बहाव और पानी का कम तापमान बना हुआ है।



पानी काफी ठंडा होने के कारण गोताखोर अधिक देर तक नहर में नहीं रुक पा रहे हैं। उन्हें बार-बार पानी से बाहर निकलकर आग तापनी पड़ रही है। इसके बाद दोबारा पानी में उतरकर तलाश की जा रही है। नहर में पानी का स्तर करीब चार से पांच फुट कम हुआ है, लेकिन इसके बावजूद बहाव तेज है। पानी का दबाव गोताखोरों को भी अपने साथ आगे खींच रहा है।

देवेंद्र के लापता होने के बाद से परिवार के लोग बेहद परेशान हैं। परिजन रातभर नहर किनारे और किरमिच के पास पहरा देकर बैठे रहे। परिवार को उम्मीद है कि बचाव दल जल्द देवेंद्र का पता लगा लेगा। जानकारी के अनुसार, कैथल जिले के ढांड गांव निवासी देवेंद्र कश्यप अपने दो चचेरे भाइयों के साथ चाचा की अस्थियां प्रवाहित करने मिजार्पुर गांव के पास नरवाना ब्रांच नहर पर पहुंचा था। अस्थियां प्रवाहित करते समय अचानक उसका पैर फिसल गया और वह नहर में जा गिरा। तेज बहाव के कारण वह पानी में बहने लगा।

दंपती ने चुन्नी फेंककर बचाने का किया प्रयास

नहर में बहते समय देवेंद्र ने मदद के लिए आवाज लगाई। उसकी चीख सुनकर पास में घास काट रहा एक दंपती मौके पर पहुंचा। दंपती ने उसे बचाने के लिए चुन्नी फेंकी, लेकिन वह देवेंद्र के हाथ तक नहीं पहुंच सकी। इसके बाद वह तेज बहाव में आगे बह गया। सूचना मिलने पर पुलिस, एसडीआरएफ और गोताखोर प्रगट सिंह की टीम ने मौके पर पहुंचकर तलाश शुरू की।

चाचा की मौत के बाद परिवार पर टूटा दूसरा दुख

परिवार के अनुसार, देवेंद्र के चाचा की चार नवंबर को सड़क हादसे में मौत हो गई थी। इसके बाद परिवार के सदस्य उनकी अस्थियां प्रवाहित करने नहर पर पहुंचे थे। देवेंद्र डी-फार्मेसी करने के बाद श्री बालाजी अस्पताल में काम कर रहा था। वह परिवार का इकलौता बेटा है। चाचा की मौत के गम से परिवार अभी उबर भी नहीं पाया था कि देवेंद्र के नहर में बहने की घटना ने परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया। बचाव दल की तलाश अब भी जारी है।

रादौर के कच्चा घाट पर लगे हैं गंदगी के अंबार

- क्षेत्रवासियों ने की गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

रादौर के कच्चा घाट पर गंदगी की भरमार के चलते लोगों की आस्था भंग हो रही है। आरोप है कि कच्चा घाट के आसपास बसे लोग आए दिन कच्चा घाट पर गंदगी फेंककर जहां वातावरण दूषित कर रहे हैं वहीं शहर की सुंदरता को भी ग्रहण लगाने का काम कर रहे हैं। नगरपालिका द्वारा बार-बार प्रयास करने के बावजूद स्थानीय लोग स्वच्छता अभियान को ठेंगा दिखाते हुए कच्चे घाट के पास पटरी पर आए दिन भारी मात्रा में गदंगी फेंकने का काम कर रहे हैं। जिससे शहर के लोगों में भारी रोष है।



यमुनानगर। रादौर स्थित कच्चे घाट के पास पटरी पर फैली गंदगी।

वार्ड नंबर दो से पार्षद राजीव आर्य सन्नी, कमलेश अवस्थी, रमेश कुमार, सचिन, प्रवेश कुमार व सतीश आदि ने बताया कि शहर में पश्चिमी यमुना नहर किनारे बना कच्चा घाट सैंकड़ों वर्ष पुराना है। जिसकी धार्मिक मान्यता भी है। जहां शहर का प्रसिद्ध बाबा धुनि गिरि जी का मंदिर भी स्थित है। लेकिन बहुत से लोग कच्चे घाट के पास पटरी पर गंदगी फैंककर वातावरण दूषित कर रहे हैं जिससे यमुनानदी किनारे गंदगी का अंबार लग गया है। वहीं लोगों की धार्मिक भावनाओं को भी ठेस पहुंचा रहे है। बार-बार मना करने के बावजूद आसपास के लोग पटरी पर भारी मात्रा में गंदगी फैंककर बीमारियां फैलाने का काम कर रहे हैं। स्थानीय लोगों ने नगरपालिका चेयरमैन व सचिव से मांग की है कि कच्चे घाट के पास गंदगी डालने वाले लोगों पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाये। जिससे वातावरण को दूषित होने से बचाया जा सके।

गंदगी फैलाने वालों पर होगी कार्रवाई

इस बारे सफाई निरीक्षक सुमित बैंस ने कहा कि कच्चे घाट पर गंदगी फैलाने वाले लोगों के विरूद्ध नगरपालिका सख्त कार्रवाई करेगी। उन्होंने स्थानीय लोगों ने अपील की कि वे गंदगी डालने वालों की पहचान करें जिससे नगरपालिका को कार्रवाई करने में आसानी होगी।

भाजपा नेता पर गंडासी से हमला करने की कोशिश, बाल-बाल बचे

- अजराना खुर्द में पंचायती चुनाव की रंजिश में वारदात का आरोप, झांसा पुलिस को दी शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जिले के अजराना खुर्द गांव में खेत में काम कर रहे भाजपा नेता कवलजीत सिंह अजराना पर गंडासी से हमला करने की कोशिश का मामला सामने आया है। भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि हमलावर गंडासी और रिवॉल्वर लेकर उनके खेत में पहुंचा था। गंडासी से हमला करने का प्रयास किया, लेकिन वह किसी तरह बच गए। शोर मचाने पर आरोपी मौके से फरार हो गया। मामले को लेकर उन्होंने झांसा थाना पुलिस को शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। कवलजीत सिंह अजराना ने बताया कि गांव के ही एक व्यक्ति के साथ पंचायती चुनाव को लेकर उनकी पुरानी रंजिश चल रही है।



चुनाव के दौरान विपक्षी पक्ष को हार का सामना करना पड़ा था। उनका आरोप है कि इसके बाद से ही दोनों पक्षों के बीच विवाद बना हुआ है। कवलजीत सिंह के अनुसार, वह खेत में काम कर रहे थे। इसी दौरान आरोपी कथित तौर पर गंडासी और रिवॉल्वर लेकर वहां पहुंचा और उन पर गंडासी से हमला करने की कोशिश की। उन्होंने बचाव करते हुए शोर मचाया तो आरोपी मौके से फरार हो गया। भाजपा नेता ने इसे पंचायती चुनाव की रंजिश से जुड़ा मामला बताया है। घटना के संबंध में कवलजीत सिंह अजराना ने झांसा थाना पुलिस को शिकायत दी है। उन्होंने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल पुलिस शिकायत के आधार पर मामले की जांच कर रही है। आरोपों की पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी।

बाजारों में पैदल उतरी करनाल पुलिस असामाजिक तत्वों पर कसी नकेल

करनाल। पुलिस अधीक्षक करनाल करन गोयल, आईपीएस के निर्देश पर जिले में कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने और आमजन में सुरक्षा की भावना बढ़ाने के लिए करनाल पुलिस ने विशेष सतर्कता अभियान चलाया। जिले के सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस बल ने भीड़भाड़ वाले बाजारों, प्रमुख चौक-चौराहों और संवेदनशील स्थानों पर पैदल गश्त की। पैदल गश्त के दौरान पुलिसकर्मियों ने बाजारों और सार्वजनिक स्थलों की स्थिति का जायजा लिया तथा संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी। पुलिस की इस पहल का उद्देश्य आमजन के साथ सीधा संपर्क बढ़ाने के साथ-साथ असामाजिक तत्वों और आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त लोगों पर प्रभावी निगरानी रखना है। पुलिस अधीक्षक करन गोयल ने कहा कि जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखना करनाल पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।



चाची भतीजे पर हमला कर किया घायल

- पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ किया केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

शहर की आजाद नगर गली नंबर एक में रंजिश के चलते कुछ युवकों ने चाची व भतीजे पर डंडे व लोहे की रॉड से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। दोनों घायलों का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद चार आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार आजाद नगर गली नंबर एक निवासी अनीता ने शहर यमुनानगर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका कुछ दिन पहले कॉलोनी के ही प्रवेश व सुमित तोमर के साथ किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था। इसके बाद से आरोपी उससे रंजिश रखने लगे। अनीता ने बताया कि नौ नवंबर को दोपहर डेढ़ बजे वह अपने भतीजे आकाश के साथ किसी काम से जा रही थी। इस दौरान आरोपी प्रवेश व सुमित तोमर ने अपने साथियों अभिषेक व मन के साथ मिलकर उन पर डंडों व लोहे की रॉड तथा तेजधार हथियारों से हमला कर दिया। हमले में वह घायल हो गए। शोर सुनकर जब आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी उन्हें जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। परिजनों ने उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया और मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद चारों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

युवक को पीट कर किया घायल

पुराना हमीदा गोपाल गली निवासी पुनीत ने शहर यमुनानगर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि कहासुनी होने पर सोनू, केवल, लवकुश व सागर ने उसके साथ लड़ाई झगड़ा किया। इस दौरान आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की। जिससे वह घायल हो गया। शोर सुनकर जब आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद पांचों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जेल में बंद हत्यारे से नशीली गोलियां बरामद, 6.47 ग्राम पदार्थ मिला

- शौचालय जाते समय तलाशी में खुला राज, लाल गुब्बारे में छिपाकर रखी थीं गोलियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

जिला जेल करनाल में नशीले पदार्थों की तस्करी पर जेल प्रशासन की सतर्कता से बड़ी कार्रवाई सामने आई है। हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे कैदी रिंकू पुत्र सतपाल निवासी गांव रेरकला, थाना मतलौडा, जिला पानीपत से नशीली गोलियां बरामद हुई हैं। जानकारी के अनुसार कैदी 7 नवंबर को जेल में वापस पहुंचा था। पूर्व सूचना के आधार पर जेल प्रशासन ने उसकी तलाशी लेने के बाद निगरानी के लिए उसे जेल अस्पताल में रखा। 8 नवंबर की रात शौचालय जाते समय जेल वार्डर ने उसकी तलाशी ली तो लाल रंग के रबर के गुब्बारे में छिपाकर रखी नशीली गोलियां बरामद हुईं। गुब्बारे सहित बरामद गोलियों का वजन 6 ग्राम 47 मिलीग्राम पाया गया। बरामद सामग्री को नियमानुसार सीलबंद कर पुलिस के हवाले किया गया। जेल उप अधीक्षक धर्मचंद की शिकायत पर थाना रामनगर में मुकदमा नंबर 303, दिनांक 9 नवंबर 2026 को धारा 22(बी) एनडीपीएस अधिनियम और धारा 42 प्रिजन एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

महिंद्रा पिकअप की टक्कर से बाइक चालक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

सदर यमुनानगर थाना क्षेत्र के गांव भूत माजरा के पास तेज रफ्तार महिंद्रा पिकअप की टक्कर लगने से बाइक सवार व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात महिंद्रा पिकअप चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार राजीव गार्डन यमुनानगर निवासी विनोद शर्मा ने बताया कि उसका भाई 42 वर्षीय मनोज शर्मा आठ नवंबर को रात 11 बजे अपनी बाइक पर घर वापस लौट रहा था। जब वह गांव भूत माजरा के पास पहुंचा तो तेज रफ्तार से आ रही महिंद्रा पिकअप ने उसके भाई की बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से उसका भाई सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद आरोपी पिकअप चालक मौके से फरार हो गया। राहगीरों ने हादसे की सूचना डायल 112 पुलिस टीम को दी। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर उसके भाई मनोज शर्मा को अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां पर इलाज के दौरान उसके भाई की मौत हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात महिंद्रा पिकअप चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

- गांव भूत माजरा के पास हुआ हादसा

ट्रैक्टर ट्राली ने बाइक को मारी टक्कर, दो घायल

गांव रघुनाथपुर निवासी नीरज ने सदर यमुनानगर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका भाई नितिन अपने दोस्त गांव बिहारगढ़ निवासी शुभम के साथ बाइक पर किसी काम से जा रहा था। जब वह शहर के बाईपास के पास पहुंचे तो तेज रफ्तार से आ रही ट्रैक्टर ट्राली ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से उसका भाई नितिन व दोस्त शुभम गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद आरोपी ट्रैक्टर ट्राली चालक मौके से फरार हो गया। राहगीरों ने दोनों घायलों को अस्पताल पहुंचाया। जहां उनका इलाज चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात ट्रैक्टर ट्राली चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

दिल्ली व पश्चिम बंगाल होंगे स्टेट पार्टनर, ज्योतिसर में भी होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम

गीता महोत्सव में पहली बार जल व वायु सेना की प्रदर्शनी होगी आकर्षण

- कुरुक्षेत्र में 5 से 25 दिसंबर तक सजेगा महोत्सव, 14 से 20 दिसंबर तक होंगे मुख्य कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

धर्मनगरी कुरुक्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव-2026 का आयोजन 5 से 25 दिसंबर तक किया जाएगा। इस बार महोत्सव में कई विशेष आकर्षण देखने को मिलेंगे। पहली बार महोत्सव में जल सेना और वायु सेना की प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी। इसके साथ ही दिल्ली और पश्चिम बंगाल को स्टेट पार्टनर बनाया गया है। महोत्सव के मुख्य कार्यक्रम 14 से 20 दिसंबर तक आयोजित होंगे। महोत्सव के दौरान मुख्य मंच के साथ-साथ ज्योतिसर में भी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रहेगी।



गीता महोत्सव में दिखेगी हरियाणवी संस्कृति

हरियाणवी संस्कृति और परंपराओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सांग महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इसमें प्रदेश की लोककला, लोकनृत्य, संगीत और पारंपरिक सांस्कृतिक विरासत की झलक देखने को मिलेगी। इस बार महोत्सव में देश-विदेश के शिल्पकारों और बुनकरों की भागीदारी भी रहेगी। विभिन्न राज्यों की हस्तकला, पारंपरिक उत्पादों और शिल्पकला को प्रदर्शित करने के लिए विशेष मंच उपलब्ध कराया जाएगा। इससे पर्यटकों और श्रद्धालुओं को देश की विविध सांस्कृतिक विरासत से रूबरू होने का अवसर मिलेगा। गीता महोत्सव के दौरान धार्मिक, सांस्कृतिक और पर्यटन गतिविधियों के माध्यम से कुरुक्षेत्र की अंतरराष्ट्रीय पहचान को और मजबूत करने का प्रयास रहेगा। भगवान श्रीकृष्ण द्वारा अर्जुन को दिए गए गीता के उपदेशों की पावन धरती पर आयोजित होने वाला यह महोत्सव देश-विदेश के पर्यटकों और श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहेगा। आयोजन की अवधि 5 से 25 दिसंबर निर्धारित की गई है, जबकि 14 से 20 दिसंबर तक मुख्य कार्यक्रम आयोजित होंगे।

रादौर की अमर कॉलोनी में चोरों ने सूने घर से चुराए गहने

■ पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ किया केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

रादौर की अमर कॉलोनी में चोरों ने सूने घर में घुसकर लाखों रुपये के आभूषण चोरी कर लिए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार अमर कॉलोनी रादौर निवासी गुरजंत ने रादौर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि नौ नवंबर को सुबह साढ़े छह बजे वह घर का ताला लगाकर किसी काम से बाहर गया था। दोपहर करीब तीन बजे जब वह घर लौटा तो घर का लगा ताला टूटा हुआ था और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर घर से गहने व नगदी गायब मिली। जिसकी कीमत करीब एक लाख 40 हजार रुपये है। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जरूरी सबूत जुटाए। बाद में पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।



यमुनानगर। गन्ना पेराई के लिए रंग रोगन करके तैयार किया गया सरस्वती शुगर मिल।

उत्तर भारत की सबसे बड़ी सरस्वती शुगर मिल काम शुरू होने से पहले होगा हवन

17 नवंबर से होगा गन्ना पेराई कार्य का शुभारंभ

शुगर मिल के शुरू होने से गेहूं की बिजाई का रकबा बढ़ने की उम्मीद जगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

उत्तर भारत की सबसे बड़ी सरस्वती शुगर मिल यमुनानगर में 2026-27 सत्र के लिए गन्ना पेराई के कार्य का शुभारंभ 17 नवंबर को सुबह नौ बजे विधिवत रुप से किया जाएगा। शुभारंभ अवसर पर गन्ना पेराई शुरु करने से पहले हवन-यज्ञ किया जाएगा। हवन-यज्ञ में मिल के अधिकारी आहुतियां डालकर मिल के सफल संचालन की कामना करेंगे। गत वर्ष 2025-26 में शुगर मिल में 18 नवंबर को गन्ना पेराई का कार्य शुरु किया गया था।

35 हजार गन्ना किसानों को मिलेगा लाभ

सरस्वती शुगर मिल के साथ करीब 35 हजार गन्ना किसान जुड़े हैं। जिन्होंने करीब 62 हजार 500 एकड़ में गन्ने की फसल की पैदावार की हुई है। मिल के समय पर चलने से गन्ना किसान अपनी गन्ने की फसल की कटाई करने के बाद उन खेतों में गेहूं की बिजाई कर सकेंगे। जिससे जिले में गेहूं की बिजाई का क्षेत्रफल बढ़ने की संभावना बन गई है। शुगर मिल में गत पेराई सत्र 2025-26 में में 125 लाख क्विंटल गन्ने की पेराई की थी। इस बार भी मिल प्रबंधन को पर्याप्त गन्ना मिलने की उम्मीद है। मिल की ओर से 45 गन्ना खरीद केंद्रों पर खरीद की जाएगी। यहां से ट्रकों और ट्रालियों के माध्यम से गन्ना मिल तक पहुंचाया जाएगा।

अरली किस्म की होगी गन्ना पेराई

सरस्वती शुगर मिल के सीईओ कुलदीप कुमार ने बताया कि मिल में इस बार 17 नवंबर से विधिवत गन्ना पेराई का कार्य शुरु हो जाएगा। उन्होंने बताया कि मिल में शुरू में गन्ने की अरली किस्म की पेराई की जाएगी। कुछ दिन बाद अन्य किस्म के गन्ना की पेराई आरंभ कर दी जाएगी। सीईओ कुलदीप कुमार ने बताया कि पेराई सत्र शुरू करने की तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं। मिल का ट्रायल भी लिया जा चुका है। मिल में पेराई शुरु होने के दौरान सबसे पहले गन्ना लेकर मिल पहुंचने वाले किसानों को सम्मानित किया जाएगा।

देव शिल्पी विश्वकर्मा जी को मिस्त्री पूजते हैं अपने इष्ट के रूप में

विश्वकर्मा दिवस पर पूजा-अर्चना कर मांगी सभी के लिए शुभकामनाएं



यमुनानगर। पावर हाउस रादौर में विश्वकर्मा दिवस पर पूजा अर्चना करते कर्मचारी।



यमुनानगर। रादौर स्थित विश्वकर्मा मंदिर में पूजा अर्चना करते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

रादौर के विश्वकर्मा मंदिर में हुआ भंडारे का आयोजन

■ सच्चे मन से मुराद मांगने पर भगवान विश्वकर्मा भक्तों की हर मुराद को करते हैं पूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

विश्वकर्मा दिवस के अवसर पर रादौर अनाजमंडी स्थित विश्वकर्मा मंदिर में विश्वकर्मा सभा की ओर से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इससे पहले विश्वकर्मा सभा रादौर के प्रधान संजीव धीमान प्रेमपाल धीमान व पुजारी अवध बिहारी पांडे के नेतृत्व में स्थानीय लोगों ने हवन यज्ञ में आहुति डालकर विश्व शांति व भाईचारे की कामना की।

प्रधान संजीव धीमान व प्रेमपाल धीमान ने बताया कि देव शिल्पी विश्वकर्मा भक्तों के दुख हरने वाले हैं। सच्चे मन से मुराद मांगने पर भगवान विश्वकर्मा भक्तों की हर मुराद को पूरा करते हैं। उन्होंने बताया कि रादौर क्षेत्र में विश्वकर्मा सभा की ओर से भगवान विश्वकर्मा का मंदिर बनाया गया था। तब से क्षेत्र के लोग विश्वकर्मा मंदिर में अपनी मुराद लेकर पहुंचते हैं। देव शिल्पी विश्वकर्मा जी को मिस्त्री अपने इष्ट के रूप में पूजते हैं। विश्वकर्मा मंदिर क्षेत्र के लोगों की आस्था का प्रतीक है। जहां हजारों लोग अपनी मन्नतें लेकर पहुंचते हैं।

ये रहे मौजूद

मौके पर पुजारी अवध बिहारी पांडे, सुभाष धीमान, रमेश धीमान, नरेश धीमान, दलवीर सैनी पुर्णगढ़, महेंद्र धीमान, बलराम, सुरेश सैनी पोटली, संजीव धीमान, संजीव धीमान हरनौल, कृष्ण धीमान बकाना, बलदेव धीमान बापौली, सरवन धीमान खुर्दी, अर्जुन सिंह पांचाल, जसबीर धीमान आदि मौजूद थे।

विश्वकर्मा जयंती पर लगाया भंडारा

यमुनानगर। विश्वकर्मा जयंती पर्व के मौके पर मंगलवार को शहर के श्री शिव मंदिर में भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इससे पहले हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें गणमान्य ने आहुतियां अर्पित कर सभी के सुख शांति और समृद्धि की कामना की। मौके पर मंदिर के पुजारी ने भोलेनाथ को प्रसाद का भोग लगाया। श्रद्धालु विवेक शर्मा, विजय पाल व रवि गौतम ने बताया कि हर साल मंदिर कमेटी द्वारा विश्वकर्मा जयंती के मौके पर भंडारे का आयोजन किया जाता है। इससे पूर्व भगवान की विधिवत रूप से पूजा अर्चना कर क्षेत्रवासियों की सुख समृद्धि की कामना की जाती है। भगवान को भोग लगाने के बाद दोपहर 12 बजे भंडारा शुरू हुआ। जो कि प्रभू इच्छा तक जारी रहा। भंडारे में श्रद्धालुओं को कढ़ी-चावल, खिचड़ी, खीर का प्रसाद वितरित किया गया।



बिजलीकर्मियों ने भगवान विश्वकर्मा की पूजा कर किया नमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

बिजली निगम रादौर के कर्मचारियों की ओर से मंगलवार को विश्वकर्मा दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कर्मचारियों ने भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना कर सभी कर्मचारियों के लिए सुख शांति की कामना की। एसएससी राजेश कुमार ने बताया कि विश्वकर्मा दिवस के अवसर पर हर वर्ष कर्मचारी भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना कर कर्मचारियों की सुरक्षा को लेकर प्रार्थना करते हैं। जिससे सभी बिजली कर्मचारी सुरक्षित रहें। भगवान विश्वकर्मा सभी के दुख हरने वाले हैं। उन्होंने बताया कि देव शिल्पी भगवान विश्वकर्मा ने सभी देवताओं के लिए अस्त्र शस्त्रों व रथों का निर्माण किया है। इसलिए वह पूजनीय माने जाते हैं।

ये रहे मौजूद

मौके पर जेई सतपाल, जेई राजेश कुमार, जेई सुरजीत सिंह, संदीप राणा, अश्विनी शर्मा, सुखविंदर कुमार, पवन सैनी, पवन धीमान, मनीष कुमार, गौरव कुमार, धर्मेंद्र, अनिल कुमार, संदीप कुमार व जसपाल आदि मौजूद थे।

श्रद्धाभाव से मनाई विश्वकर्मा जयंती

यमुनानगर। जिले भर में मंगलवार को विश्वकर्मा जयंती धूमधाम से मनाई गई। दुकानदारों व फैक्टरी संचालकों ने पूरा दिन फैक्ट्री व दुकानों पर कामकाज बंद रखा। लोगों ने मशीनों तथा औजारों की पूजा अर्चना की और सुख समृद्धि की कामना की। विश्वकर्मा जयंती पर कई स्थानों पर भंडारों का आयोजन भी किया गया। हालांकि कई स्थानों पर गत सोमवार शाम को भी विश्वकर्मा जयंती मनाई गई और औजारों की पूजा अर्चना की गई। मगर अधिकांश ने मंगलवार को ही औजारों का पूजन किया। **मयंक फैशन डिजाइनर संस्थान में किया हवन-यज्ञ** शहर के मशहूर मयंक फैशन डिजाइनर संस्थान में मंगलवार सुबह सबसे पहले हवन-यज्ञ कर भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना की गई। इसके बाद प्रसाद वितरण किया गया। मौके पर संस्थान के प्रबंधक अमित सैनी ने जिलेवासियों को विश्वकर्मा पर्व की शुभकॉमनाएं दी। इस अवसर पर संस्थान के बिट्टू, विशाल, निशा, प्रियांक व टिटू आदि ने पूजा अर्चना की। इसके अलावा लोगों ने अपनी फैक्ट्रियों व कर्मशालाओं में हवन यज्ञ कर पूर्ण आहूति डाली गई। वहीं, शहर के सहारनपुर मार्ग स्थित विश्वकर्मा मंदिर में भगवान श्री विश्वकर्मा जी महाराजा का हवन यज्ञ किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं ने आहुति डाली। वहीं, श्री विश्वकर्मा सभा द्वारा इंदिरा कालोनी जगाधरी में



विश्वकर्मा जयंती पर हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। **सिलाई सेंटरों में भी हुआ हवन-यज्ञ** शहर स्थित अवनी बुटिक समेत दो दर्जन से अधिक सिलाई केंद्रों में मंगलवार को सुबह हवन-यज्ञ किया गया व मशीनों की पूजा अर्चना की गई।

किसानों के हितों की सुरक्षा के लिए कांग्रेस कर रही है संघर्ष: तेजली

रादौर। कांग्रेस द्वारा किसानों के सम्मान में 16 नवंबर को रादौर के पुराना बस स्टैंड के नजदीक सभा का आयोजन किया जाएगा। सभा में मुख्यातिथि के रुप में कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला भाग लेंगे। उक्त जा न का री कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव सतीश तेजली ने रादौर क्षेत्र के दर्जन भर गांवों में जनसंपर्क करने के दौरान दी।



कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव सतीश तेजली ने कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार विकास के नाम पर झूठ बोलकर प्रदेश की जनता को गुमराह कर रही है। जबकि सच्चाई यह है कि कांग्रेस के कार्यकाल में प्रदेश में चहुंमुखी विकास हुए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस द्वारा 16 नवंबर के किसानों के सम्मान में गन्ना मूल्य वृद्धि को लेकर रादौर के पुराना बस स्टैंड के पास एक सभा का आयोजन किया जा रहा है। जिसके लिए उन्होंने सुढैल, औरंगाबाद, दामला, धौडंग व दौलतपुर आदि गांवों में जनसंपर्क कर ग्रामीणों को सभा में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने के लिए न्यौता दिया है। तेजली ने कहा कि आज सरकार ने गन्ने के दाम ना के बराबर बढ़ाकर किसानों का शोषण करने का काम किया है। प्रदेश के मुख्यमंत्री ने धान को कम से कम 3100 रूपये प्रति क्विंटल में खरीदने का वायदा चुनाव के समय सरेआम किया था और कहा था कि कहीं भी यदि इससे कम में धान बिकेगा तो वह उसे आकर बताएं।

अवैध लोडेड देसी कट्टे के साथ व्यक्ति गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

थाना छप्पर पुलिस ने गांव मंधार के पास से एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध लोडेड देशी कट्टा बरामद किया है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार थाना छप्पर पुलिस थाने में तैनात एएसआई दलजीत सिंह ने बताया कि शात सात बजे वह टीम के साथ गश्त कर रहा था। इस दौरान टीम को सूचना मिली थी कि गांव मंधार के पास एक व्यक्ति संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहा है। आरोपी किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है।

सूचना मिलते ही उसने टीम के साथ मौके पर पहुंचकर वहां संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहे। व्यक्ति को हिरासत में लेकर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से लोडेड अवैध देसी कट्टा बरामद हुआ। पूछताछ के दौरान आरोपी की पहचान गांव मंधार निवासी सतपाल के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्ज एक्ट के तहत केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

वातावरण को स्वच्छ रखना है सभी की जिम्मेदारी : धर्मजीत

■ नगर खेड़ा सेवा ट्रस्ट ससौली द्वारा सफाई अभियान चलाकर दिया स्वच्छता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

नगर खेड़ा सेवा ट्रस्ट ससौली (यमुनानगर) के तत्वावधान में गांव ससौली में चलाए जा रहे सफाई अभियान के तहत मंगलवार को ससौली में सफाई अभियान चलाकर स्वच्छता का संदेश दिया। अभियान का शुभारंभ वरिष्ठ समाजसेवी एवं एडवोकेट धर्मजीत सिंह ने किया। एडवोकेट धर्मजीत सिंह ने बताया कि उनके गांव में समय समय पर सफाई अभियान चलाकर सार्वजनिक स्थानों, गलियों, फिरनियों व खाली पड़े स्थानों पर सफाई अभियान चलाकर लोगों को वातावरण स्वच्छ रखने का संदेश दिया जा रहा है। अभियान में ग्रामीण बढ़चढ़कर



सहयोग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में वातावरण को स्वच्छ रखने के लिए अपने आसपास साफ सफाई रखना बेहद आवश्य है। ट्रस्ट द्वारा चलाए जा रहे सफाई अभियान का मुख्य उदेश्य वातावरण को स्वच्छ रखना है। ताकि ग्रामीण स्वस्थ रह सकें और गांव में स्वच्छता का वास रह सके। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत गांव की सभी गलियों, फिरनी, मंदिर, धर्मशाला, गुरुद्वारा, शमशान घाट आदि समेत सार्वजनिक स्थानों पर सफाई अभियान चलाकर साफ सफाई की गई है। मौके पर लोगों को अपने आसपास गंदगी नहीं डालने के लिए प्रेरित किया गया। एडवोकेट धर्मजीत सिंह ने बताया कि वातावरण स्वच्छ रहेगा तो बीमारियां भी नहीं पनपेंगी। उन्होंने लोगों से अपने आसपास का वातावरण साफ और स्वच्छ रखने के लिए आहवान किया। इस अवसर पर नगर खेड़ा सेवा ट्रस्ट ससौली के सुनील कुमार, टोनी, सुखबीर सिंह, सुनील कुमार, परमजीत व कुलविंद्र आदि ने पूरा सहयोग दिया।

नियमित योग व सैर करके शरीर को रख सकते हैं पूर्ण स्वस्थः आचार्य

■ शहर के रुप नगर में दो दिवसीय योग शिविर का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

शहर के रुप नगर में मंगलवार को दो दिवसीय योग शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर में पहले दिन योग शिक्षक नरेंद्र आचार्य ने श्रद्धालुओं को प्राणायाम समेत विभिन्न योगिक क्रियाएं करवाई। इस दौरान साधकों ने ध्यान साधना भी की।

योग शिक्षक नरेंद्र आचार्य ने कहा कि योग वह क्रिया है जिसे करके व्यक्ति अपने शरीर को स्वस्थ रख सकता है। उन्होंने कहा कि सभी को स्वस्थ रहने के लिए नियमित रुप से योग व सैर करनी चाहिए। ताकि वह बीमारियों से बच सकें। उन्होंने कहा कि योग के द्वारा हम शरीर को स्वस्थ रखने के साथ-साथ मन बुद्धि को भी वश में कर सकते हैं। आचार्य ने कहा कि किसी भी कार्य को करने से पहले 2-3 मिनट भस्त्रिका प्राणायाम करें अर्थात लंबा गहरा सांस लेकर धीरे-धीरे बाहर निकालें। इससे तनाव दूर होता है। जब कार्य की शुरूआत करें तो पहले आंखें बंद करके तीन बार मन में ओम का उच्चारण करना चाहिए। इसके बाद कार्य शुरू करना चाहिए। यदि कार्य करते समय थकान हो जाए तो चित्त लेटकर आंखें बंद करके दो मिनट श्वासन करना चाहिए इससे शरीर को एवं आखों को तुरंत आराम मिलता है। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन सुबह और शाम के वक्त सैर करना शरीर को स्वस्थ रखने के लिए काफी लाभदायक है।

तैयारी

शहर के बाढ़ी माजरा, हमीदा व अन्य स्थानों पर यमुना घाटों पर बनी हैं सैंकड़ो मां की वेदियां

छठ मैया पूजा महापर्व को लेकर यमुना के घाटों पर रंग रोगन करके सजाने लगे श्रद्धालु छठ मां की वेदियां

पश्चिमी यमुना नहर के तट पर बाढ़ी माजरा व हमीदा हैड पर छठ महापर्व के अंतिम दो दिन 15 व 16 को दो दिवसीय मेला लगेगा, मेले का समापन उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

कार्तिक माह में आयोजित छठ मैया पूजा महापर्व मनाए जाने में अब मात्र् रतीन दिन शेष रह गए हैं। महापर्व का शुभारंभ 13 नवंबर को नहाय खाय से होगा। जबकि समापन 16 नवंबर को सुबह के समय उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ होगा। इस महापर्व को लेकर शहर के नजदीक यमुना नदी के घाटों पर बनी छठ मां की वेदियों को श्रद्धालु रंग रोगन करके आकर्षक रुप से सजा रहे हैं। श्रद्धालु महेष यादव व मनीष प्रसाद ने बताया कि छठ महापर्व के अवसर पर यमुना नदी के बाढ़ी माजरा पुल व हमीदा के नजदीक यमुना के घाटों पर दो दिवसीय मेले का आयोजन होता है। इस वर्ष मेले का आयोजन 15 व 16 नवंबर को होगा। जिसमें हजारों श्रद्धालु पहुंचकर डूबते व उगते सूर्य को अर्घ्य देंगे। जबकि छठ महापर्व का शुभारंभ 13 नवंबर को नहाय खाय से शुरू हो जाएगा।



कठिन होता है छठ पूजा का व्रत

छठ माता की वेदियों को सजा रहे श्रद्धालु रमाकांत, गोपाल यादव, सुशील व राम आसरे ने बताया कि छठ पूजा का व्रत सबसे कठिन होता है। जिस प्रकार करवा चौथ व अहोई अष्टमी का त्योहार पति व पुत्र की लंबी उम्र के लिए मनाया जाता है इसी तरह छठ पूजा भी पति व पुत्र की लंबी आयु के लिए की जाती है। श्रद्धालुओं द्वारा यह व्रत 36 घंटे रखना होता है। कार्तिक पंचमी की शाम से ही व्रत आरंभ हो जाता है। अस्त होते सूर्य को अर्घ्य देकर पूजा आरंभ की जाती है और अगले दिन उगते सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत खोला जाता है। महिलाओं को घंटों पानी में खड़े होकर पूजा करनी पड़ती है। उनका कहना है कि हालांकि छठ मैया का पर्व चार दिन का होता है जो इस बार 13 नवंबर को नहाय खाय से शुरु होगा, 14 नवंबर को खरना होगा। वहीं, 15 नवंबर को शाम समय छिपते सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा और 16 नवंबर को उगते सूर्य को अर्घ्य देकर संपन्न होगा।

छठ मेले में पहुंचते हैं हजारों प्रवासी श्रद्धालु

ट्विन सिटी (यमुनानगर-जगाधरी) में हजारों की संख्या में बिहार, पश्चिमी बंगाल व अन्य प्रदेशों के प्रवासी लोग रहते हैं। जो छठ मैया पर्व को धूमधाम से मनाते हैं। यह सभी प्रवासी छठ मैया के पर्व पर शहर किनारे स्थित यमुना नहर के घाटों पर आयोजित मेला स्थल पर पहुंचकर छठ मैया की पूजा करते हैं और भगवान सूर्य के अर्घय देते हैं। इस बार भी मेले में लाखों की भीड़ जुटने की संभावना है।

लावारिस पशुओं के चलते डर के साये में जी रहे हैं लोग

■ क्षेत्रवासी काफी समय से कर रहे हैं इन्हें पकड़वाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

रादौर में पिछले काफी समय से सड़कों पर लावारिस पशुओं का कब्जा बना हुआ है। लेकिन नगरपालिका की ओर से लावारिस पशुओं को पकड़ने के लिए कोई अभियान नहीं चलाया गया है। जिसके चलते क्षेत्रवासियों में रोष है। अब क्षेत्रवासियों ने इस संबंध में कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा से सड़कों पर घूम रहे लावारिस पशुओं को पकड़वाने की मांग की है।

क्षेत्र के मंगतराम कांबोज, सुरेश, पालाराम, रमेश, विक्रम, संदीप कुमार, बलवान सिंह, जयकुमार, राजेश, मुकेश व पंकज आदि ने बताया कि क्षेत्र में इस समय सड़कों पर भारी संख्या में लावारिस पशु घूम रहे हैं। शहर के बस स्टैंड रोड, छिंबी मोहल्ला, अनाजमंडी रोड, कस्तूरबा गांधी रोड पर लावारिस पशुओं के झुंड अक्सर घूमते देखे जा सकते हैं। जो कि राहगीरों के लिए मुसीबत का कारण बने हुए हैं। यही नहीं लावारिस पशु किसानों की फसलों को बर्बाद करने का काम करते हैं। साथ ही स्थानीय लोगों पर भी हमला कर उन्हें घायल कर रहे हैं। क्षेत्रवासियों का कहना है कि शिकायत करने पर भी इस बारे कोई कार्रवाई नहीं हो रही है।



यमुनानगर। छिंबी मोहल्ला रादौर में घूमता लावारिस पशुओं का झुंड।

खबर संक्षेप

जयराम विद्यापीठ में लगाया भंडारा



थानेसर। दीपावली के बाद गोवर्धन पूजा एवं अन्नकूट भंडारे का विशेष महत्व है। देश के विभिन्न राज्यों में संचालित श्री जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी की प्रेरणा से ब्रह्मसरोवर के तट पर श्री जयराम विद्यापीठ में आस्था और श्रद्धा से गौवर्धन पूजन व अन्नकूट भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर श्री जयराम संस्थाओं के संतों, ब्रह्मचारियों एवं विद्यापीठ के ट्रस्टियों द्वारा विधिवत पूजन के उपरांत भंडारा प्रारम्भ किया गया। भंडारे में भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

पराली जलाने पर दो किसानों पर एफआईआर

पिहोवा। प्रशासन द्वारा पराली जलाने की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। उपायुक्त कुरुक्षेत्र के आदेशानुसार कृषि विभाग और संबंधित विभागों की टीमें लगातार गांवों में निगरानी कर रही हैं। इसी कड़ी में उपमंडल पिहोवा के गांव हरिगढ़ बोरख एवं अरुणाय में पराली जलाने के मामले सामने आने पर दो किसानों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई गई है। इसके साथ ही दोनों किसानों के राजस्व रिकॉर्ड में रेड एंट्री दर्ज करने की कार्रवाई भी की गई है। संबंधित मामलों में नियमानुसार आगामी कानूनी एवं विभागीय कार्रवाई जारी है।

एक दिन में बनाया बुजुर्ग दंपती का पक्का मकान

कुरुक्षेत्र। गांव मच्छरौली में डेरा सच्चा सौदा के सेवादारों ने मानवता और सेवा की मिसाल पेश करते हुए जरूरतमंद बुजुर्ग दंपती को एक दिन में पक्का मकान बनाकर दिया। परवारा सिंह और उनकी दिव्यांग पत्नी राजो देवी का पुराना मकान जर्जर होने के कारण परिवार घास-फूस के छप्पर में रहने को मजबूर था। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के चलते वे मकान बनवाने में असमर्थ थे। परिवार की परेशानी की जानकारी मिलने पर डेरा सच्चा सौदा के सेवादारों ने मकान बनाने का बीड़ा उठाया। सोमवार को पुराने मकान का मलबा हटाकर सफाई की गई।

भाई दूज आज, बहनें भाइयों को तिलक कर करेंगी दीर्घायु की कामना

दोपहर 1:27 से 3:20 बजे तक रहेगा तिलक का शुभ मुहूर्त, अनुराधा नक्षत्र व सुकर्मा योग का बन रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

दीपावली के पांच दिवसीय महापर्व का समापन बुधवार को भाई दूज के साथ होगा। भाई-बहन के अटूट प्रेम, विश्वास और स्नेह का प्रतीक यह पर्व 11 नवंबर को श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर बहनें भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर उनकी लंबी आयु, अच्छे स्वास्थ्य और सुख-समृद्धि की कामना करेंगी। वहीं भाई बहनों को उपहार देकर उनकी रक्षा, सुरक्षा और सम्मान का संकल्प लेंगे। गायत्री ज्योतिष अनुसंधान केंद्र, ब्रह्मसरोवर कुरुक्षेत्र के संचालक ज्योतिषाचार्य डॉ. रामराज कौशिक ने बताया कि कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि 11 नवंबर को दोपहर 3 बजकर 53 मिनट तक रहेगी।

दोपहर 12 बजे से 1 बजकर 27 मिनट तक राहुकाल रहेगा

उदया तिथि के अनुसार भाई दूज का पर्व 11 नवंबर को मनाया जाएगा। डॉ. कौशिक के अनुसार भाई दूज पर तिलक करने के लिए अपराह्न का समय विशेष शुभ रहेगा। 11 नवंबर को दोपहर 1 बजकर 27 मिनट से 3 बजकर 20 मिनट तक तिलक का शुभ मुहूर्त रहेगा। दोपहर 12 बजे से 1 बजकर 27 मिनट तक राहुकाल रहेगा। ऐसे में बहनें सुबह से दोपहर 12 बजे तक अथवा राहुकाल समाप्त होने के बाद शुभ समय में भाइयों को तिलक कर सकती हैं। इस दौरान रोली और अक्षत से तिलक कर आरती उतारी जाएगी और मिठाई खिलाकर भाई की मंगलकामना की जाएगी।

बन रहा शुभ संयोग : ज्योतिषाचार्य

ज्योतिषाचार्य ने बताया कि इस बार भाई दूज पर बुधवार, शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि और अनुराधा नक्षत्र का संयोग बन रहा है। अनुराधा नक्षत्र सुबह 11 बजकर 38 मिनट तक रहेगा, इसके बाद ज्येष्ठा नक्षत्र शुरू होगा। दिन में अतिगंड योग के बाद सुकर्मा योग बनेगा। बुधवार को बुध ग्रह का दिन माना जाता है, जो बुद्धि, विवेक और संवाद का कारक है। ऐसे में यह पर्व पारिवारिक रिश्तों में मधुरता और आपसी विश्वास का संदेश देता है।



डॉ. रामराज कौशिक।

बहन के प्रेम से प्रसन्न होकर यमराज ने यमुना को दिया था वरदान

भाई दूज को यम द्वितीया के नाम से भी जाना जाता है। पौराणिक मान्यता के अनुसार सूर्यदेव के पुत्र यमराज और पुत्री यमुना में गहरा स्नेह था। एक बार यमुना ने अपने भाई यमराज को घर आमंत्रित किया। कार्तिक शुक्ल द्वितीया को यमराज बहन के घर पहुंचे तो यमुना ने उनका तिलक कर स्वागत किया और भोजन कराया। बहन के प्रेम से प्रसन्न होकर यमराज ने वरदान दिया कि इस दिन जो भाई अपनी बहन के घर जाकर तिलक करवाएगा और भोजन करेगा, उसे दीर्घायु तथा सुख-समृद्धि का आशीर्वाद मिलेगा। तभी से भाई दूज मनाने की परंपरा प्रचलित हुई।

रिश्तों में मिठास घोलता है भाई दूज

डॉ. रामराज कौशिक ने बताया कि भाई दूज केवल धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि पारिवारिक और सामाजिक संबंधों को मजबूत करने वाला पर्व भी है। रोजगार और शिक्षा के कारण आज कई भाई-बहन दूर रहते हैं, ऐसे में त्योहार उन्हें एक-दूसरे के करीब लाने और रिश्तों में अपनापन बनाए रखने का माध्यम बनते हैं। बहनों का सम्मान करना, उनकी सुरक्षा और सुख-दुख में साथ निभाना ही भाई दूज की सच्ची भावना है।

त्योहारों की श्रृंखला में झलकती भारतीय संस्कृति, पारिवारिक प्रेम व सामाजिक एकता

गोवर्धन पूजा प्रकृति, गोवंश और पर्यावरण संरक्षण का देती है संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र/पिहोवा

भारतीय संस्कृति में त्योहारों का विशेष महत्व है। करवा चौथ, गड़बड़े, दीपावली, गोवर्धन पूजा और भैया दूज तक मनाए जाने वाले पर्व धार्मिक आस्था, पारिवारिक प्रेम, आपसी भाईचारे और सामाजिक एकता का संदेश देते हैं। इन त्योहारों की खुशियां घरों की सजावट और खानपान तक ही सीमित नहीं रहतीं, बल्कि परिवारों के आपसी संबंधों, संस्कारों और परंपराओं में भी दिखाई देती हैं। दीपावली से पहले मनाया जाने वाला करवा चौथ पति-पत्नी के प्रेम, विश्वास और समर्पण का प्रतीक है। वहीं गड़बड़े पर्व पर परिवारों की ओर से निभाई जाने वाली परंपराएं आपसी मेलजोल और पारिवारिक एकजुटता को दशार्ती हैं। इसके बाद दीपावली पर घरों को दीपों से सजाकर भगवान श्रीराम के अयोध्या आगमन की खुशी मनाई जाती है। पितरों के प्रति श्रद्धा और सम्मान व्यक्त करने की परंपरा भी भारतीय संस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा है। परिवार के सदस्य अपने पूर्वजों का स्मरण कर उनके प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हैं। अगले दिन गोवर्धन पूजा का पर्व मनाया जाता है। इस दिन भगवान श्रीकृष्ण की पूजा के साथ प्रकृति, गौवंश और अन्न के महत्व को समझने का संदेश मिलता है। वहीं आज बुधवार को मनाए जाने वाले भैया दूज पर बहनें भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर उनकी सुख-समृद्धि और दीर्घायु की कामना करेंगी।गांव धनीरामपुरा के सरपंच विकल कुमार चौबे ने कहा कि त्योहारों की श्रृंखला भारतीय संस्कृति की समृद्ध परंपराओं को जीवंत रखने के साथ नई पीढ़ी को पारिवारिक संस्कारों से जोड़ती है।भाजपा के मंडल महामंत्री गुलशन शर्मा ने कहा कि परिवार के सदस्यों का एक साथ मिलना, बड़ों का आशीर्वाद लेना, परंपराओं का निर्वहन करना और खुशियां बांटना ही इन पर्वों की वास्तविक खूबसूरती है। गोवर्धन पूजा प्रकृति, गौवंश और पर्यावरण के प्रति सम्मान का संदेश देने वाला पर्व है।



हरिओम मंदिर में लगा अन्नकूट का भंडारा



कुरुक्षेत्र। हरिओम मंदिर एवं शास्त्री नगर सेवा समिति द्वारा द्वारा शास्त्री नगर स्थित हरिओम मंदिर में मंगलवार को अन्नकूट प्रसाद का भंडारा लगाया गया। भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। शास्त्री नगर सेवा समिति के पदाधिकारियों ने श्रद्धालुओं को गोवर्धन पूजा का महत्व बताया। मंदिर के पुजारी अरुण मिश्रा ने श्रद्धालुओं को बताया कि सच्चे मन से भगवान की भक्ति करने के वाले भक्तों के संकट भगवान क्षण में दूर कर देते है, जिस प्रकार संकट के समय भगवान श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पर्वत को अपनी मात्र एक अंगुली पर उठाकर अपने भक्तों की रक्षा की थी। अरुण मिश्रा ने बताया कि परंपरा के अनुसार गोकुल में जब इन्द्र देवता ने घमंड में आकर अपना भोग लगाने पर मूसलाधार बरसात शुरू कर दी जिस पर भगवान श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पर्वत को उठाकर गोकुल वासियों की रक्षा की।

श्रीदक्षिण मुखी प्राचीन हनुमान मंदिर में अन्नकूट पर लगाया भंडारा



कुरुक्षेत्र। गोवर्धन पूजा के पावन अवसर पर आज सिद्ध पीठ श्री दक्षिण मुखी प्राचीन हनुमान मंदिर ब्रह्मसरोवर में एक विशाल अन्नकूट भंडारे और पवित्र हवन-यज्ञ का भव्य आयोजन किया गया। मुख्य पुजारी डॉ हिमांशु शर्मा ने बताया कि इस धार्मिक उत्सव में स्थानीय एवं दूर-दराज से आए हजारों श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ बढ़-चढ़कर भाग लिया। हिमांशु शर्मा ने बताया धार्मिक कार्यक्रमों की शुरूआत सुबह पंडित प्रेम कुमार शर्मा द्वारा वैदिक मंत्रोचार और विधि-विधान के साथ आयोजित हवन-यज्ञ से हुई। विद्वान पंडित प्रेम शर्मा द्वारा विश्व कल्याण, सुख-समृद्धि और शांति की कामना के साथ आहुतियां दी गईं। मंदिर परिसर भगवान हनुमान और प्रभु श्री राम के जयकारों से गुंजायमान रहा। मुख्य प्रबंधक विजय कुमार शर्मा ने बताया कि हवन की पूणार्हुति के बाद भगवान हनुमान जी महाराज को विभिन्न प्रकार के व्यंजनों व छप्पन भोग का महाप्रसाद (अन्नकूट) अर्पित किया गया। इसके पश्चात विशाल अन्नकूट भंडारे का शुभारंभ हुआ, जो देर शाम तक निरंतर चलता रहा। मंदिर समिति ने पूरी निष्ठा के साथ भक्तों को प्रसाद वितरित किया।इस अवसर पर मुख्य रूप से मानकी शर्मा,माणिक शर्मा,शैलेश वत्स,सारांश,मन्नत शर्मा,राहुल,लाल चंद ,प्रवीण ढींगरा,विनय लाला,जे पी सैनी,सुजीत,लोकेश ओझा, संजय,अजय, कपिल धवन, वैभव, कनव व बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्तिथ रहे। इस विशेष अवसर पर मंदिर परिसर को अलौकिक रूप से फूलों और रंग-बिरंगी विद्युत लाइटों से सजाया गया था। दिनभर चले भजन-कीर्तन ने पूरे वातावरण को पूरी तरह भक्तिमय बनाए रखा।

जिले के 27,708 मतदाता पाए गए मृत, 32,299 अनुपस्थित, 37,986 स्थाई शिफ्टिड

अंतिम मतदाता सूची में नाम शामिल करवाने का एक और अवसर : आशीष



कुरुक्षेत्र। बैठक में मौजूद नगराधीश आशीष कुमार व अन्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

नगराधीश आशीष कुमार ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार ऐसे सभी एएसडीडी के रूप में चिन्हित मतदाताओं को अंतिम मतदाता सूची में नाम शामिल करवाने का एक और अवसर दिया जा रहा है। इसके लिए सभी बीएलओ को घर-घर जाकर संपर्क करने और फॉर्म भरवाने के निर्देश दिए गए हैं। नगराधीश आशीष कुमार मंगलवार को लघु सचिवालय में आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इससे पहले हरियाणा के मुख्य चुनाव आयुक्त ए श्रीनिवास ने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर चुनाव तहसीलदार संदीप कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। नगराधीश आशीष कुमार ने कहा कि एएसडीडी सूची में शामिल सभी मतदाताओं से संपर्क करने के लिए घर-घर जाकर व्यक्तिगत रूप से मुलाकात करें। छूटे हुए मतदाताओं का पता लगाने के लिए मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंटों के साथ समन्वय स्थापित करें। इस संबंधित मतदाताओं से संपर्क स्थापित करने के लिए उनके पड़ोसियों, परिवार के सदस्यों तथा रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन से जानकारी प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि मतदाताओं से संपर्क करने के लिए उपलब्ध मोबाइल नंबरों एवं अन्य संपर्क विवरणों का उपयोग करें। गणना प्रपत्र मतदाताओं को व्यक्तिगत रूप से उपलब्ध करवाएं या जहां संभव हो, व्हाटसअप, ई-मेल या एसएमएस के माध्यम से भेजें। मतदाताओं को गणना प्रपत्र एवं आवश्यक घोषणा-पत्र भरने और जमा करवाने की पूरी प्रक्रिया के बारे में विस्तार से समझाएं। उन्होंने कहा कि जिले में कुल 7,83,831 मतदाता हैं, जिनके लिए 810 बीएलओ नियुक्त किए गए हैं। अब तक 6,77,498 एन्यूमरेशन फॉर्म को डिजिटाइज किया जा चुका है। एएसडीडी के तहत सत्यापन के लिए 1,11,713 मतदाताओं को नोटिस जारी किए गए हैं। उन्होंने कहा कि जिले भर में कुल 1,06,333 मतदाताओं द्वारा एन्यूमरेशन फार्म नहीं जमा करवाए, इनमें से 27,708 मृत, 32,299 अनुपस्थित, 37,986 स्थाई शिफ्टिड, 2,471 अन्य श्रेणी और 5,869 मतदाताओं का नाम पहले से मतदाता सूची दर्ज के रूप में चिन्हित किए गए है।

8 गोशालाओं को दिया 57.80 लाख का अनुदान : सुधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि हरियाणा की भाजपा सरकार गौसेवा और गौसंरक्षण के लिए पूरी तरह समर्पित है। सरकार की गौ-हितैषी नीतियों के कारण आज प्रदेश की गोशालाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं और बेसहारा गोवंश को बेहतर आश्रय मिल रहा है। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा जिला कुरुक्षेत्र के थानेसर विधानसभा क्षेत्र की 8 पंजीकृत गोशालाओं के लिए 57 लाख 80 हजार 590 रुपये की अनुदान राशि जारी के चेक वितरित की गई है ताकि गोवंश के चारे, पानी, शेड निर्माण और चिकित्सा सुविधा में कोई कमी न रहे। उन्होंने कहा कि महादेव सेवा समिति थानेसर को 5,98,144 रुपये, जय श्रीश्याम गोशाला अमीन को 16,48,759 रुपये,



श्री गोपाल कृष्ण गोशाला बगथला को 2,12,092 रुपये, कान्हा गोशाला बारना को 8,35,415 रुपये, गीता धाम गोशाला थानेसर को 1,51,743 रुपये, श्री कृष्ण कृपा गोशाला ट्रस्ट, कुरुक्षेत्र को 12,48,709 रुपये, जय बजरंग बली गोशाला थानेसर को 8,56,384 रुपये और श्री सनातन धर्म गोशाला, थानेसर को 2,28,443 रुपये अनुदान प्राप्त करने वाली गोशालाओं में दिए गए।

दिवाली पर गांव जा रहे दो दोस्तों की बाइक को कार ने मारी टक्कर, एक की मौत

कुरुक्षेत्र। नेशनल हाईवे-44 पर खानपुर कोलियां गांव के पास तेज रफ्तार कार ने बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार दो दोस्त सड़क पर घिसटते हुए रेलिंग से जा टकराए। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने दोनों को अस्पताल पहुंचाया, जहां उपचार के दौरान एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका दोस्त अस्पताल में उपचाराधीन है। मृतक की पहचान 20 वर्षीय राममिलन निवासी गांव गेठा, जिला सीतापुर (उत्तर प्रदेश) के रूप में हुई है। वह लुधियाना में सिलाई का काम करता था। हादसे में घायल उसका दोस्त अभिराज वर्मा निवासी रुदन खेड़ा, जिला हरदोई (उत्तर प्रदेश) भी लुधियाना में ही सिलाई का काम करता है। पुलिस को दिए बयान में अभिराज वर्मा ने बताया कि राममिलन दिवाली पर अपने गांव जाने की बात कह रहा था। इसके बाद दोनों राममिलन की बाइक पर सवार होकर लुधियाना से गांव के लिए रवाना हुए। बाइक राममिलन चला रहा था और अभिराज पीछे बैठा था। सुबह करीब चार बजे जब वे खानपुर कोलियां के पास पहुंचे तो पीछे से आई तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। कार की टक्कर लगते ही बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगी रेलिंग से जा टकराई। दोनों दोस्त बाइक समेत सड़क पर दूर तक घिसटते चले गए और गंभीर रूप से घायल हो गए।

गोवर्धन पूजा प्रकृति के सम्मान का पर्व : ज्ञानानंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

गीता मनीषी स्वामी श्री ज्ञानानंद जी महाराज के सानिध्य एवं आशीर्वाद से संचालित श्री कृष्ण कृपा गोशाला में गोवर्धन (गिरिराज) पूजा उत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भगवान श्रीकृष्ण के प्रति अपनी श्रद्धा प्रकट की। गीता मनीषी स्वामी श्री ज्ञानानंद जी महाराज ने अपने आर्शीवचन में गोवर्धन पूजा के धार्मिक, आध्यात्मिक एवं सामाजिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गोवर्धन पूजा केवल एक धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि यह हमें जीवन जीने की एक महत्वपूर्ण सीख प्रदान करती है। यह पर्व मनुष्य को अहंकार त्यागने, प्रकृति के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने तथा जीवन में सेवा, समर्पण और विनम्रता का भाव



अपनाने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने गोवर्धन लीला के माध्यम से इंद्रदेव के अहंकार का निवारण कर समस्त संसार को यह संदेश दिया कि किसी भी व्यक्ति को अपने पद, प्रतिष्ठा, शक्ति अथवा सामर्थ्य का अहंकार नहीं करना चाहिए। मनुष्य के जीवन में विनम्रता और ईश्वर के प्रति समर्पण का भाव होना आवश्यक है।

विश्वकर्मा जयंती समारोह में 60 यूनिट रक्तदान



कुरुक्षेत्र। रेलवे रोड स्थित श्री विश्वकर्मा मंदिर एवं धीमान धर्मशाला में धीमान ब्राह्मण पंचायत सभा (रजि.) की ओर से भगवान श्रीविश्वकर्मा जयंती समारोह श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। समारोह में धार्मिक अनुष्ठान के साथ सामाजिक सेवा, शिक्षा प्रोत्साहन, रक्तदान शिविर और वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान जैसे कार्यक्रम आयोजित किए गए। रक्तदान शिविर में करीब 60 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा के प्रतिनिधि एवं भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष साहिल सुधा शामिल हुए। समारोह की अध्यक्षता पंचायती राज विभाग करनाल के एक्सईएन प्रदीप धीमान ने की, जबकि शाहाबाद के बीडीपीओ आशुतोष धीमान विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्री विश्वकर्मा के समक्ष दीप प्रज्वलन और विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुआ। वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच हवन-यज्ञ किया गया। इसमें अतिथियों और श्रद्धालुओं ने आहुतियां डालकर समाज और राष्ट्र की सुख-समृद्धि, शांति एवं उन्नति की कामना की। समारोह में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले समाज के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। दसवीं और बारहवीं की परीक्षाओं में 80 प्रतिशत या इससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को चांदी के सिक्के और मेडल देकर प्रोत्साहित किया गया। शिविर में लगभग 60 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। इसके अलावा समाज के वरिष्ठ नागरिकों को उनके अनुभव, सामाजिक योगदान और सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अखिल भारतीय श्री विश्वकर्मा महासंगठन के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं सेवानिवृत्त महाप्रबंधक मोहनलाल धीमान, देशराज धीमान, तरुण धीमान, राजेंद्र धीमान, जय कुमार धीमान, जय नारायण धीमान, महाबीर धीमान और कर्मचंद धीमान सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

कार्यक्रम विश्वकर्मा दिवस पर विश्वकर्मा मंदिर संस्थान में गूंजे जयकारे, धूमधाम से मनाया पर्व

पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की

प्रधानमंत्री और सीएम के नेतृत्व में सरकार पारंपरिक कारीगरों को कर रही मजबूत : सुभाष कलसाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद

विश्वकर्मा मंदिर संस्थान में भगवान विश्वकर्मा दिवस श्रद्धा और उल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में हरियाणा राज्य सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के चेयरमैन सुभाष कलसाना ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की, जबकि पार्षद ईशा सचदेवा और कमित सचदेवा विशिष्ट अतिथि और अनमोल वर्मा ने मुख्य यजमान के रूप में शामिल हुए । कार्यक्रम में भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की गई। सुभाष कलसाना ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा को सृजन, निर्माण और तकनीकी कौशल का प्रतीक माना जाता है। उन्होंने मानव समाज को अपनी प्रतिभा, मेहनत और हुनर के माध्यम से निर्माण करने की प्रेरणा दी। आज के आधुनिक युग में भी भगवान विश्वकर्मा की शिक्षाएं प्रासंगिक हैं। प्रत्येक व्यक्ति को अपने काम के प्रति समर्पण, ईमानदारी और मेहनत का भाव रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सरकार पारंपरिक कारीगरों और हुनरमंद लोगों को आगे बढ़ाने के लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से प्रयास कर रही है। उन्होंने सभी को विश्वकर्मा दिवस की शुभकामनाएं दीं। पार्षद ईशा सचदेवा ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा का जीवन हमें रचनात्मकता, मेहनत और आत्मनिर्भरता का संदेश देता है। इस अवसर पर पार्षद दीपक आनंद, कमित सचदेवा, सरपंच रिंकू बैरागी, अधिवक्ता मनदीप रावा, आशीष कोहली, पंडित रविंदर मधुर, रूप चंद धीमान, संजीव कुमार, वीर सिंह धीमान, पवन धीमान, विजय धीमान, राज कुमार धीमान, बृज धीमान, हरीश धीमान, प्रवीण धीमान और राहुल धीमान आदि रहे।



शाहबाद। चेयरमैन सुभाष कलसाना को स्मृति चिन्ह भेंट करते सभा के सदस्य व अन्य अतिथिगण।

सरस्वती आईटीआई में मनाया विश्वकर्मा दिवस



कुरुक्षेत्र। सरस्वती आईटीआई कुरुक्षेत्र में भगवान विश्वकर्मा दिवस श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर संस्थान के विद्यार्थियों और स्टाफ सदस्यों ने परिसर में स्थित सभी मशीनों, टूल्स और प्लांट की साफ-सफाई की तथा गंगाजल से उनका शुद्धिकरण किया। इसके बाद संस्थान की सभी वर्कशॉप में दीप प्रज्वलित किए गए और भगवान विश्वकर्मा की विधिवत पूजा-अर्चना एवं आरती की गई। विद्यार्थियों ने भगवान विश्वकर्मा से अपने उज्ज्वल भविष्य, तकनीकी ज्ञान और कार्यक्षेत्र में सफलता की कामना की। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के चेयरमैन राकेश सैनी ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने विद्यार्थियों को विश्वकर्मा दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान विश्वकर्मा को सृजन, निर्माण और तकनीकी कौशल का प्रतीक माना जाता है। विद्यार्थियों को उनसे प्रेरणा लेकर अपने हुनर और तकनीकी दक्षता को निखारना चाहिए। इस अवसर पर चेयरमैन राकेश सैनी, संस्थान के प्रधानाचार्य, स्टाफ सदस्य और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

शिविर में कानूनी साक्षरता पर किया जागरूक

अंबाला। जिला एवं सत्र न्यायाधीश के कुशल मार्गदर्शन राष्ट्रीय कानूनी सेवा दिवस के अवसर पर एक विशेष कानूनी साक्षरता शिविर का सफल आयोजन किया गया। हरियाणा राज्य कानूनी सेवाएं प्राधिकरण के दिशानिर्देशानुसार यह शिविर अंबाला शहर स्थित ऑब्जर्वेशन होम में आयोजित किया गया। शिविर का संचालन जिला कानूनी सेवाएं प्राधिकरण के लीगल एड काउंसिल एडवोकेट कमल धीमान द्वारा किया गया।

30 नवंबर तक चलेगा डीएलसी अभियान

अंबाला। सहायक लेखा अधिकारी सहजवीर सिंह ने बताया कि समस्त रक्षा पेंशन भोगियों (आर्मी, नेवी, एयरफोर्स एवं रक्षा सिविलियन) को अवगत करवाया जाता है कि स्पर्श सेवा केंद्र, एलएओ/डीएडी कॉप्लेक्स, जगाधरी रोड़ द्वारा 30 नवंबर 2026 तक राष्ट्रीय डिजिटल लाइव सर्टिफिकेट (डीएलसी) अभियान 5.0 आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत रक्षा पेंशन भोगियों को डिजिटल लाइव सर्टिफिकेट (डीएलसी) जमा करवाने में सहायता प्रदान की जाएगी। उन्होने इस अभियान के अंतर्गत सभी पात्र रक्षा पेंशन भोगियो से आग्रह किया है कि वे इस सुविधा का लाभ उठाएं।

19 व 20 को होगा जिला स्तरीय युवा महोत्सव

अंबाला। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य दिनेश सिंह राणा ने बताया कि निदेशालय के आदेशानुसार जिला स्तरीय युवा महोत्सव 2026 का आयोजन उपायुक्त सचिन गुप्ता की अध्यक्षता में 19 व 20 नवंबर 2026 को किया जा रहा है। इसमें फॉल्क डांस ग्रुप, फॉल्क सांग ग्रुप, नुक्कड़ नाटक, पेंटिंग, पोएट्री राइटिंग, ग्रुप म्यूजिकल इंस्ट्रयूमेंट्ल प्रतियोगिताओ का आयोजन किया जाएगा। विभागीय निर्देशानुसार जिला युवा महोत्सव 2026 में फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 16 नवंबर 2026 है। प्रतिभागियों की आयु दिनांक 17 अगस्त 2026 को 15 से 29 वर्ष होनी चाहिए। सभी प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले प्रतिभागियों का माई भारत पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन होना अनिवार्य है।

सूची में नाम जुड़वाने का एक आखिरी मौका

अंबाला। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चल रही विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के तहत एएसडीडी (अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत एवं दोहरे) श्रेणी में चिह्नित ऐसे मतदाता, जिनके गणना फॉर्म प्राप्त नहीं होने के कारण नाम प्रारूप मतदाता सूची में शामिल नहीं हो पाए हैं, उन्हें अंतिम मतदाता सूची में अपना नाम शामिल करवाने का एक और अवसर दिया गया है। इस संबंध में मुख्य निर्वाचन अधिकारी, हरियाणा ए. श्रीनिवास ने मंगलवार को वीसी के माध्यम से प्रदेश के सभी जिला उपायुक्तों एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए8।

सफलता मिशन को लेकर जिले के तीन विद्यालयों में पहुंचे डीईओ

हर छात्र की क्षमता को पहचान कर उसकी मॉनिटरिंग करें शिक्षक : सुधीर

शिक्षकों के विषयवार रिजल्ट रजिस्टर जांचे, मिशन के चारों पोस्टरों की जानकारी ली, उत्कृष्ट शिक्षकों को अन्य स्कूलों के लिए बताया प्रेरणास्रोत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला



अंबाला। शिक्षकों की मीटिंग लेते डीईओ सुधीर कालड़ा। फोटो : हरिभूमि

जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा ने मंगलवार को सफलता मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन की समीक्षा के लिए राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भड़ोग, पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शहजादपुर तथा गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल शहजादपुर का दौरा किया। तीनों विद्यालयों में उन्होंने शिक्षकों के साथ बैठक कर मिशन की प्रगति, विषयवार विद्यार्थियों के प्रदर्शन तथा बोर्ड परीक्षाओं की तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान शिक्षकों में सफलता मिशन को लेकर विशेष उत्साह और प्रतिबद्धता देखने को मिली।दौरे की शुरुआत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भड़ोग से हुई। यहां जिला शिक्षा अधिकारी ने सफलता मिशन के संदेश के साथ पौधारोपण किया। इस अवसर पर उन्होंने दसवीं एवं बारहवीं कक्षाओं को पढ़ाने वाले शिक्षकों के साथ पौधे लगाए। इसके उपरांत उन्होंने प्रधानाचार्य एवं समस्त स्टाफ सदस्यों के साथ बैठक की। बैठक में शिक्षकों ने अपने विषयवार रिजल्ट रजिस्टर प्रस्तुत किए तथा अर्धवार्षिक परीक्षा के परिणामों और पिछले वर्ष के बोर्ड परीक्षा परिणामों के तुलनात्मक विश्लेषण के आधार पर विद्यार्थियों की प्रगति की जानकारी दी। जिला शिक्षा अधिकारी ने शिक्षकों से प्रत्येक विद्यार्थी की नियमित प्रगति पर व्यक्तिगत ध्यान देने और कमजोर विद्यार्थियों के लिए विशेष रणनीति अपनाने का आह्वान किया। इसके पश्चात जिला शिक्षा अधिकारी पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शहजादपुर पहुंचे। यहां उन्होंने शिक्षकों से सफलता मिशन के अंतर्गत जारी किए गए चार विशेष पोस्टरों की जानकारी ली। शिक्षकों ने बताया कि इन पोस्टरों के माध्यम से मिशन में शिक्षक, प्रधानाचार्य, विद्यार्थी एवं अभिभावकों की भूमिका और जिम्मेदारियों को स्पष्ट किया गया है। अभिभावक पोस्टर में बच्चों की पढ़ाई के प्रति माता-पिता की जिम्मेदारियों को रेखांकित किया गया है। शिक्षकों ने बताया कि वे इन पोस्टरों में दिए गए दिशा-निर्देशों से भलीभांति परिचित हैं और इन्हें विद्यालय में व्यवहार में ला रहे हैं।

विषयवार रिजल्ट ने किया विशेष ध्यान आकर्षित

विद्यालय में शिक्षकों द्वारा तैयार किए गए विषयवार रिजल्ट रजिस्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी का विशेष ध्यान आकर्षित किया। रजिस्टर में विद्यार्थियों के प्रदर्शन को रंगों के माध्यम से वर्गीकृत किया गया था। 50 प्रतिशत तक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को लाल रंग, 50 से 80 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वालों को पीले रंग तथा 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वालों को हरे रंग की श्रेणी में रखा गया था। इस व्यवस्था से प्रत्येक विद्यार्थी की शैक्षणिक स्थिति का आकलन करना और उसके अनुसार सुधारात्मक कदम उठाना आसान हो गया है। जिला शिक्षा अधिकारी ने इस अभिनव एवं व्यवस्थित प्रयास की सराहना करते हुए रजिस्टर अन्य शिक्षकों को भी दिखाया और कहा कि सभी विद्यालयों को इसी प्रकार विद्यार्थीवार एवं विषयवार प्रगति का रिकॉर्ड रखना चाहिए।

बोर्ड परीक्षाओं में प्रथम तीन स्थानों पर रहेंगे छात्र

तीनों विद्यालयों के शिक्षकों ने को विश्वास दिलाया कि वे इस वर्ष दसवीं एवं बारहवीं की बोर्ड परीक्षाओं में अपने विद्यालयों का शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम सुनिश्चित करने के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण से कार्य करेंगे। विशेष रूप से पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तथा गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल शहजादपुर के शिक्षकों ने कहा कि उनका लक्ष्य केवल सभी विद्यार्थियों को उत्तीर्ण करवाना ही नहीं, बल्कि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड एवं सीबीएसई की परीक्षाओं में अपने विद्यार्थियों को प्रदेश के प्रथम तीन स्थानों तक पहुंचाने का भी रहेगा।

परीक्षा परिणामों में सुधार पर हुई चर्चा

दौरे के अंतिम चरण में जिला शिक्षा अधिकारी गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल शहजादपुर पहुंचे। यहां उन्होंने प्रधानाचार्य सुरेंद्र सिंह एवं समस्त शिक्षकों के साथ बैठक कर प्रत्येक शिक्षक से उसके विषय के परीक्षा परिणाम और उसमें सुधार के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी ली। इस दौरान शिक्षकों का उत्साह और कार्य के प्रति समर्पण विशेष रूप से देखने को मिला। जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा ने कहा कि सफलता मिशन को केवल एक विभागीय कार्यक्रम न समझकर प्रत्येक शिक्षक और विद्यालय की सामूहिक जिम्मेदारी के रूप में अपनाया जाना चाहिए। प्रत्येक विद्यार्थी की क्षमता को पहचानकर उसकी नियमित मॉनिटरिंग, विषयवार कमियों का विश्लेषण, अतिरिक्त अभ्यास और समयबद्ध पुनरावृत्ति सुनिश्चित की जाए।

छठ पर्व पर रेलवे स्टेशन पर बढ़ी यात्रियों की भीड़



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

■ ट्रेन पकड़ने के लिए यात्रियों को बहाना पड़ रहा है खूब पसीना

छठ महापर्व को लेकर अंबाला छावनी रेलवे स्ट्रेशन पर यात्रियों की भीड़ बढ़ गई है। ज्यादातर यात्री बिहार जाने वाले हैं। हालांकि ट्रेन पकड़ने के लिए इन यात्रियों को खूब पसीना बहाना पड़ रहा है। स्टेशन पर बिहार जाने वाली ट्रेनों में भारी भीड़ उमड़ रही है। हालात ऐसे हैं कि यात्रियों को ट्रेनों में पैर रखने तक की जगह नहीं मिल रही। कई यात्री ट्रेन के दरवाजों पर लटककर सफर करने को मजबूर हैं तो कुछ रेलवे ट्रैक के रास्ते ट्रेन में चढ़ने की कोशिश कर रहे हैं। स्टेशन पर घंटों इंतजार के बाद भी यात्रियों को ट्रेन में बैठने की जगह नहीं मिल रही। जनरल कोच में क्षमता से कई गुना अधिक यात्री सवार हो रहे हैं। कुछ लोग टॉयलेट के पास बैठकर सफर करने को मजबूर हैं तो कई ट्रेन की छत पर जगह तलाश रहे हैं। भीड़ के कारण यात्रियों को सांस लेने में भी परेशानी हो रही है। इसके बावजूद लोग किसी तरह अपने घर पहुंचना चाहते हैं। बिहार के दरभंगा जा रहे यात्री रामू सहाय ने बताया कि वह छठ पर्व मनाने के लिए अपने माता-पिता के पास जा रहे हैं। ट्रेन में जगह नहीं मिलने के कारण उन्हें कई घंटे से इंतजार करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि जिस कोच में 6 लोगों के बैठने की जगह है वहां 10 से 20 लोग बैठे हुए हैं। ट्रेन में इतनी भीड़ है कि सांस लेने में भी परेशानी हो रही है। यात्रियों को ऊपर और दरवाजों के पास बैठकर सफर करना पड़ रहा है। एक अन्य यात्री रामचंद्र ने बताया कि वह सुबह 6 बजे से ट्रेन का इंतजार कर रहा है लेकिन शाम तक भीड़ कम नहीं हुई। यात्रियों को गेट पर लटककर और टॉयलेट के पास बैठकर सफर करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि हादसे में कोई यात्री गिर जाए तो उसके परिवार का क्या होगा। लोग रोजाना मेहनत करके पैसे कमाते हैं और छठ पर अपने माता-पिता के पास पहुंचना चाहते हैं। दीपावली उन्होंने यहीं मनाई है और अब छठ मनाने के लिए बिहार जा रहे हैं। छठ और दीपावली के दौरान बिहार और पूर्वांचल जाने वाले यात्रियों की संख्या हर साल बढ़ जाती है। इसके बावजूद ट्रेनों में भीड़ के ऐसे हालात रेलवे की तैयारियों पर सवाल खड़े कर रहे हैं।

मशीनें परिश्रम व आत्मनिर्भरता की पहचान : सैनी

■ सीएम की धर्मपत्नी ने 11 लाख रुपये देने का किया ऐलान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारायणगढ़



नारायणगढ़। लोगों को संबोधित करती सुमन सैनी। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की धर्मपत्नी सुमन सैनी ने मंगलवार को भगवान विश्वकर्मा मंदिर में आयोजित श्री विश्वकर्मा दिवस समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की ओर से 11 लाख रुपये की राशि देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि भगवान विश्वकर्मा सृजन, शिल्प, तकनीक और परिश्रम के प्रतीक हैं। उनके आदर्श हमें हर प्रकार के श्रम और हुनर का सम्मान करने की प्रेरणा देते हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथि सुमन सैनी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इससे पूर्व उन्होंने विश्वकर्मा चौक पर भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। मंदिर प्रबंधक कमेटी की ओर से मुख्यातिथि एवं अन्य गणमान्य अतिथियों को शॉल, पटका एवं स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए सुमन सैनी ने कहा कि यहां की पावन धरती पर भगवान विश्वकर्मा मंदिर में उपस्थित होकर उन्हें अत्यंत प्रसन्नता हो रही है। विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर हम भगवान विश्वकर्मा के साथ-साथ उन औजारों और मशीनों का भी पूजन करते हैं, जिनसे हमारे जीवन और समाज की प्रगति जुड़ी हुई है। हथौड़ी, छैनी, आरी और आधुनिक मशीनें केवल उपकरण नहीं, बल्कि मेहनतकश लोगों के हुनर, परिश्रम और आत्मनिर्भरता की पहचान हैं। यह पर्व संदेश देता है कि कोई भी काम छोटा या बड़ा नहीं होता, बल्कि हर कर्म पवित्र और सम्मान के योग्य है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना पारंपरिक कारीगरों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही है। इस योजना के तहत कारीगरों को प्रशिक्षण, प्रतिदिन 500 रुपये का भत्ता, 15 हजार रुपये तक की आधुनिक टूलकिट तथा बिना गारंटी तीन लाख रुपये तक का ऋण पांच प्रतिशत ब्याज दर पर उपलब्ध करवाया जा रहा है।

पटाखे फोड़ने पर विवाद, एक दर्जन हमलावरों ने दो भाइयों को किया जख्मी

■ लांबा सीमेंट के पास देर रात करीब साढ़े 12 बजे हुई वारदात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

कैथ माजरी इलाके में दीपावली की रात घर के सामने तेज आवाज वाले पटाखे फोड़ने का विरोध करना दो भाइयों को भारी पड़ गया। लांबा सीमेंट के पास देर रात करीब 12:30 बजे पड़ोसी युवक ने अपने 10 से 12 साथियों को बुलाकर हरप्रीत और मनप्रीत पर तलवारों व लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। पीड़ित परिवार ने आरोप लगाया कि सूचना देने के बावजूद डायल 112 की पुलिस टीम मौके पर नहीं पहुंची। जान बचाने के लिए दोनों ने गुहार लगाई, लेकिन हमलावर उन पर तब तक वार करते रहे जब तक कि वे लहूलुहान होकर सड़क पर गिर नहीं पड़े। हरप्रीत के अनुसार, घटना के तुरंत बाद परिजनों ने आपातकालीन सेवा 112 पर कॉल किया, लेकिन आरोप है कि पुलिस समय पर मौके पर नहीं पहुंची। इसके बाद परिजन घायलों को तुरंत अस्पताल लेकर पहुंचे। घायलों की मेडिकल लीगल रिपोर्ट करवा दी गई है और पुलिस को मामले की शिकायत दर्ज करा दी गई है।

घर के सामने कई दिनों से फोड़ रहा था बम

सिटी थाना प्रभारी सुनीता ढाका ने बताया कि पीड़ित हरप्रीत के अनुसार, पड़ोस में रहने वाला बाबू पिछले कई दिनों से उनके घर के सामने तेज धमाके वाले पटाखे फोड़ रहा था। हरप्रीत का डेढ़ साल का बच्चा है। पटाखों की तेज आवाज से बच्चे को परेशानी होती थी। इस कारण परिवार ने कई बार बाबू को घर के सामने पटाखे फोड़ने से मना किया, लेकिन वह नहीं माना। दीपावली की रात भी बाबू उनके दरवाजे के सामने तेज आवाज वाले पटाखे फोड़ रहा था। इस पर हरप्रीत और उसका भाई मनप्रीत बाहर आए और उसे ऐसा करने से रोका। बातचीत के दौरान पड़ोसी बाबू भड़क गया और देखते ही देखते विवाद बढ़ गया। इसके बाद बाबू ने अपने 10 से 12 अन्य साथियों को फोन करके मौके पर बुला लिया। हथियारबंद युवकों के आते ही माहौल तनावपूर्ण हो गया।

श्री हुकमसर साहिब में 20 को होगा महान गुरमति समागम

अंबाला। गुरुपर्व के उपलक्ष्य में गांव रवालों स्थित गुरुद्वारा श्री हुकमसर साहिब में 20 को महान गुरमति समागम आयोजित किया जाएगा। इसमें बाबा विधिचंद दल हाथी और घोड़ों के साथ पहुंचेगा। समागम में सिख धर्म की शौर्य और वीरता की परंपराओं की झलक देखने को मिलेगी। मोहल्ला और घोड़ों की दौड़ आयोजन के मुख्य आकर्षण रहेंगे। कार्यक्रम को लेकर गुरुद्वारा साहिब में तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। मुख्य सेवादार बाबा हरबंस सिंह की देखरेख में समागम आयोजित होगा। गुरुपर्व कार्यक्रमों की शुरुआत 18 नवंबर को श्री अखंड पाठ साहिब के आरंभ के साथ होगी। 20 नवंबर को सुबह 9 बजे श्री अखंड पाठ साहिब का भोग डाला जाएगा। इसके बाद सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक धार्मिक दीवान सजाए जाएंगे। रागी और प्रचारक गुरबाणी तथा गुरु साहिब की शिक्षाओं के माध्यम से संगत को निहाल करेंगे। मोहल्ले में दिखेगा सिख योद्धाओं का शौर्य धार्मिक दीवान के बाद बाबा विधिचंद छीना गुरु का सीना की ओर से मोहल्ला खेला जाएगा।

जिलेभर में गोवर्धन पूजा की धूम ग्वालों ने बांटा निःशुल्क दूध

अंबाला। जिले में गोवर्धन पूजन और विश्वकर्मा दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। कहीं गोबर से भगवान गोवर्धन की प्रतिमा बनाकर पूजा-अर्चना की गई तो कहीं गायों को आकर्षक पेंटिंग से सजाकर उनकी पूजा की गई। मंदिरों में समाजसेवी संस्थाओं की ओर से हवन-यज्ञ आयोजित किए गए और श्रद्धालुओं ने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।ग्वालमंडी में ग्वालों की ओर से लोगों को निशुल्क दूध प्रसाद के रूप में वितरित किया गया। ग्वालमंडी में गोवर्धन पूजन के अवसर पर ग्वालों ने दूध का प्रसाद बांटकर परंपरा निभाई। वहीं दशहरा मैदान में गायों को अलग-अलग रंगों की पेंटिंग से सजाकर लाया गया। श्रद्धालुओं ने गायों का पूजन किया गोवर्धन पूजन के साथ विश्वकर्मा दिवस भी मनाया गया। कारीगरों और श्रमिकों ने अपने काम में इस्तेमाल होने वाले औजारों और मशीनों को साफ कर उनकी पूजा की। लोगों ने बेहतर कामकाज, तरक्की और कारोबार में उन्नति की कामना की। शिव शक्ति धाम में गोबर से बनाई भगवान गोवर्धन की प्रतिमा कैंट के कच्चा बाजार स्थित किर्ची मिर्ची प्याऊ के नजदीक शिव शक्ति धाम मंदिर में गोवर्धन पूजन का आयोजन किया गया। यहां गोबर से भगवान गोवर्धन की प्रतिमा तैयार करपूजा-अर्चना की गई।

दुकान से 50 हजार रुपये चोरी करने का आरोपी काबू

बराड़ा। गांव उगाला में दुकान से 50 हजार रुपये की नकदी चोरी करने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान गांव उगाला के नरेंद्र उर्फ गोली के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया। उसे पुलिस रिमांड पर लिया गया है। रिमांड के दौरान पुलिस आरोपी से चोरी की रकम की बरामदगी के साथ-साथ वारदात में किसी अन्य व्यक्ति की संलिप्तता को लेकर पूछताछ करेगी। जांच अधिकारी उप निरीक्षक रणबीर सिंह के अनुसार गांव उगाला के गुलजार सिंह ने 9 नवंबर को पुलिस को शिकायत दी थी कि उसकी दुकान में व्यक्ति घुस गया है। वह 50 हजार रुपये की नकदी चोरी कर ले गया। शिकायत के आधार पर पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस ने जांच के दौरान उपलब्ध साक्ष्यों और तकनीकी संसाधनों की मदद से कार्रवाई करते हुए नरेंद्र उर्फ गोली को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस का कहना है कि आरोपी से पूछताछ के आधार पर चोरी की रकम बरामद करने के प्रयास किए जा रहे हैं। साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि वारदात में उसके साथ कोई अन्य व्यक्ति शामिल था या नहीं।

प्रवासियों को सौगात टांगरी पर 50 लाख से तैयार किया घाट

अंबाला। लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर इस बार अंबाला छावनी के पूर्वांचल प्रवासियों और स्थानीय श्रद्धालुओं को बड़ी सौगात मिलेगी। कैबिनेट मंत्री अनिल विज के निर्देश पर नगर परिषद की ओर से टांगरी नदी के किनारे करीब 50 लाख रुपये की लागत से अत्याधुनिक और पक्के छठ घाट का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है। इस स्थायी घाट के तैयार होने से अब पर्व के दौरान व्रतियों को पूजा-अर्चना के लिए होने वाली परेशानियों से निजात मिलेगी। हालांकि अभी साज-सज्जा काम लंबित है। लेकिन छठ पर्व के दौरान यहां महिलाएं पूजा-अर्चना कर सकेंगी। छावनी में छठ पर्व के दौरान हर साल स्थिति अलग होती थी। प्रशासनिक स्तर पर या स्थानीय स्तर पर अलग-अलग जगहों पर अस्थायी घाट बनाए जाते थे। नगर परिषद द्वारा टांगरी किनारे इस स्थायी घाट के निर्माण से शहर में रहने वाले पूर्वांचल के प्रवासियों गौरव, पकंज व सोमेश और स्थानीय नागरिकों में उत्साह देखा जा रहा है। छठ पूजा समितियों ने कैबिनेट मंत्री अनिल विज व नगर परिषद के इस कदम की सराहना करते हुए कहा है कि इससे पर्व के दौरान आने वाली भीड़ को नियंत्रित करने और साफ-सुथरे माहौल में विधि-विधान से पूजा संपन्न कराने में मदद मिलेगी।

जिले की अनाज मंडियों में धान की 5.11 लाख एमटी धान की आवक हुई

अंबाला। मंडियों में धान की आवक अब धीमी हो गई है। अतिरिक्त खरीद के लिए किसानों के आवेदन भी लगातार कम हो रहे हैं। अब तक मंडियों में 5.11 लाख एमटी से अधिक धान की आवक हो चुकी है। इसमें से 4.98 लाख एमटी धान की खरीद की गई है, जबकि 4.77 लाख एमटी का उठान पूरा हो चुका है। किसानों को फसल के भुगतान के रूप में अब तक 1,153 करोड़ रुपए जारी किए जा चुके हैं।मंडीवार उठान के आंकड़ों में अंबाला सिटी मंडी सबसे आगे है। यहां से अब तक 1.05 लाख एमटी धान का उठान हो चुका है। इसके बाद नारायणगढ़ मंडी से 54,155 एमटी, बराड़ा से 52,750 एमटी और मुलाना से 50,734 एमटी धान उठाया गया है। साहा मंडी से 48,877 एमटी और अम्बाला कैंट मंडी से 37,904 एमटी धान का उठान पूरा हो चुका है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

जनगणना-2027 25 जनवरी से आबादी की गिनती होगी शुरू

10 से 24 जनवरी तक उपलब्ध होगी स्वयं गिनती की सुविधा

जनगणना के दूसरे फेज में 1 मार्च से 5 मार्च, 2027 तक पांच दिन का रिविजनल राउंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला



अंबाला। वीसी के दौरान मौजूद प्रशासनिक अधिकारी।

जिले में जनगणना डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिए की जाएगी। गिनती करने वाले घरों में जाकर घरों और लोगों के बारे में जानकारी जुटाई जाएगी। खास तौर पर 100 प्रतिशत कवरेज पक्का करने पर ध्यान दिया जाएगा। जिला समन्वय जनगणना अधिकारी विकास बजाज ने बताया कि देश की जनगणना 2027 का दूसरा फेज, यानी आबादी की गिनती पूरे राज्य में 25 जनवरी से 28 फरवरी, 2027 तक किया जाएगा। इसके बाद 1 मार्च से 5 मार्च, 2027 तक पांच दिन का रिविजनल राउंड होगा। उन्होंने बताया कि जिला में उपायुक्त सचिन गुप्ता के मार्गदर्शन में इस कार्य को बेहतर समन्वय बनाकर किया जाएगा। बकायदा इस कार्य के लिए अध्यापकों व अन्य कर्मचारियों को लगाया जाएगा। उन्होंने आगे बताया कि पॉपुलेशन एन्यूमरेशन फेज से पहले,प्रदेश के लोगों के लिए 10 जनवरी से 24 जनवरी, 2027 तक सेल्फ-एन्यूमरेशन की सुविधा उपलब्ध होगी। इस दौरान, लोग अपने घरों से जुड़ी जरूरी जानकारी सेल्फ-एन्यूमरेशन पोर्टल के जरिए ऑनलाइन जमा कर सकेंगे। जनगणना 2027 देश भर में हो रही जनगणना के हिस्से के तौर पर डिजिटल प्लेटफॉर्म के ज़रिए की जा रही है। एन्यूमरेटर स्मार्टफोन पर मौजूद एक खास मोबाइल एप्लिकेशन के जरिए जानकारी रिकॉर्ड करेंगे। साथ ही, सेंसस मैनेजमेंट और मॉनिटरिंग सिस्टम फील्ड-लेवल प्रोग्रेस की मॉनिटरिंग, एडमिनिस्ट्रेटिव कोऑर्डिनेशन और सुपरविजन को मज़बूत करेगा। उन्होंने बताया कि पॉपुलेशन एन्यूमरेशन फेज के दौरान, हर व्यक्ति से जुड़ी जानकारी 40 सवालों वाले एक तय प्राफार्मा के ज़रिए की जाएगी। इन सवालों में डेमोग्राफिक, सोशल, एजुकेशनल और इकोनॉमिक एक्टिविटी, भाषा, माइग्रेशन और दूसरी खास बातें शामिल होंगी।

सेल्फ-एन्यूमरेशन के दौरान दें सही जानकारी

उन्होंने सभी लोगों से अपील की कि वे सेल्फ़-एन्यूमरेशन के दौरान सही और पूरी जानकारी दें और जनगणना अधिकारियों को उनके घर-घर के दौरे के दौरान पूरा सहयोग दें। सेल्फ-एन्यूमरेशन के जरिए, लोगों को अपनी जानकारी पहले से जमा करने का मौका मिलेगा, जबकि एन्यूमरेटर बाद में जरूरी जानकारी जमा करने और वेरिफाई करने के लिए घरों में जाएंगे। उन्होंने लोगों से यह भी अपील की कि वे अपना आधार नंबर, पासपोर्ट नंबर, ड्राइविंग लाइसेंस नंबर और वोटर आइडेंटिटी कार्ड (वोटर आईडी) नंबर आसानी से उपलब्ध रखें ताकि जनगणना के काम के दौरान जरूरत पडने पर एन्यूमरेटर को जरूरी जानकारी दी जा सके।